Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-05-2022 | अंक 217

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com







## जिला परिषद पूर्वी भाग 06 के प्रत्याशी मुनेजा खातून के द्वारा उनके कार्यकाल में धरातल पर उतारे गए विकास कार्य एवं अनुशंसित विकास योजनाओं की सूचि एवं भावी कार्ययोजना की संकल्प पत्र:-




**जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के कार्यकाल में जिला परिषद फण्ड से एवम जीप सदस्य के द्वारा अनुसंशित विकास कार्यो की सूचिः**

1 बरही पूर्वी भाग के डपोक, मलकोको, रानीचुवाँ, करियातपुर, धनवार, बरसोत एवं विजैया में पंचायत भवन का निर्माण
2. बरही पूर्वी भाग में जिला परिषद के फण्ड से प्रत्येक ग्राम मे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण
3. करीयातपूर से धनवार तक कालीकरण रोड का निर्माण
4. मलकोको गांव में कालीकरण सड़क निर्माण
5. बरियठ्ठा गांव में कालीकरण सडक निर्माण एवं ओरपरता से डपोक तक कालीकरण रोड का निर्माण
6. चलंगा रोड का मरम्मतीकरण
7. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सड़क मरम्मती करण
8. विजैया मे पावर सब स्टेशन का निर्माण
9. विजैया में पीसीसी रोड का निर्माण
10. गुडियों उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग
11. करियतापूर +2 हाईस्कूल एवं विजैया +2 हाईस्कूल का उत्क्रमण
12. करीयतापूर में नाली निर्माण
13. मोरमगढा से रानीचुवां तक कालीकरण सडक निर्माण
14. बरसोत से जीतुपर तक कालीकरण सडक निर्माण

**जीप सदस्या मुनेजा खातून के अनुशंसा से स्वीकृत हुए योजनाओं की सूचि**

1. करियातपुर में मल्टीपरपस भवन, मैरिज हॉल का निर्माण की स्वीकृति
2. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सडक चौडीकरण कार्य की स्वीकृति
3. विजैया से ओरपरता तक सडक निर्माण की स्वीकृति
4. बेहरवाटांड से गरजामू के बीच पुलिया निर्माण की स्वीकृति
5. पिपराटांड से डपोक तक सडक निर्माण की स्वीकृति

**भावी कार्ययोजना ( संकल्प पत्र)**

1. विजैया को प्रखंड के दर्जा दिलाना,
2. विजैया में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ओपी की स्थापना कराना
3. नल जल योजना से सभी पंचायत को जोड़ना और जल मीनार का निर्माण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराना।
4. सोलर संचालित योजना को मूर्त रूप देकर किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था करना।
5. प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण हेतू प्रयास करना।
6. महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर उनहे स्व रोजगार से जोडना। जो स्वरोजगार से जुडे है उनहे और आगे प्रोत्साहित करना।
7. बराकर नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरिगेशन से जोडकर सिंचाई की व्यवस्था करना।



**निवेदक**

मो क्यूम अंसारी
समाजसेवी
बरही पूर्वी भाग संख्या 06

हमारा काम बोलगा, जनता के बीच हमारी पहचान बोलेगा

# बरही पश्चिमी के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने चलाया जन संपर्क अभियान,महिलाओं का मिल रहा भरपूर समर्थन



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने शुक्रवार को बरही पश्चिमी क्षेत्र के तिलैया रोड एवं गिलान पर जन जन संपर्क अभियान चलाया। जहां सैकड़ों महिलाओं ने उन्हें माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं जन संपर्क अभियान में शामिल लोगो को संबोधित करते हुए जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने कहा की एक बार मुझे सहयोग करे ताकि मैं बरही पश्चिमी क्षेत्र का समग्र विकास कर सकूं। वहीं जन संपर्क अभियान में शामिल सभी महिला एवं पुरुषो ने एक स्वर में उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। मौके पर तापेश्वर प्रसाद, गुलाब कुमार, बीरेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, पिंटू कुमार, सुरेंद्र रविदास, महेंद्र रविदास, परमेश्वर रविदास, मनोज रविदास, करण रविदास, राजू रविदास, पिंटू यादव, संजय रविदास, मनितोष रविदास, सीकी कुमार यादव, छोटू सिंह, दुर्गा सिंह, सुदामा देवी, सविता देवी, समुंद्री देवी, भगिया देवी, चिंता देवी, सतिया देवी, कलावती देवी, पूनम देवी सहित दर्जनों अन्य महिलाएं मौजूद थे।



सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# चाणक्य आईएएस एकेडमी में पहले दिन 20 अभ्यार्थियों का हुआ मॉक इंटरव्यू

## मॉक इंटरव्यू से निकलकर अभ्यार्थियों ने कहा, चाणक्य आईएएस एकेडमी का धन्यवाद, मॉक इंटरव्यू से बढ़ा आत्मविश्वास

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**सोनु पंडित**




हजारीबाग। 7वीं जेपीएससी मेंस के परिणाम आने के बाद साक्षात्कार की महत्ता को लेकर चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से सभी अभ्यर्थियों के लिए निरूशुल्क मॉक इंटरव्यू की शुरुआत शुक्रवार से की गई। बता दें कि म०क इंटरव्यू के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने संस्थान में पंजियन कराए हैं, जिसमें पहले दिन शुक्रवार को लगभग 20 अभ्यर्थियों का मॉक इंटरव्यू लिया गया। इसमें शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने चाणक्य आईएएस एकेडमी के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मॉक इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार की कई बारिकियां सीखने को मिली। ड्रेस कोड, सवालों के पैटर्न समेत अन्य महत्वपूर्ण पहलू तो सीखने को मिले। साथ ही कहा कि म०क इंटरव्यू के बाद पहले के मुकाबले काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। मॉक इंटरव्यू में बैठे चेयरमैन व बोर्ड मेंबरों की भी अभ्यर्थियों ने जमकर तारीफ की। कहा कि हमारे हर बारिकियों पर बोर्ड मेंबर का ध्यान है और इंटरव्यू के दौरान हमारी कमजोरियों की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुए इसे दूर करने के बेहतर तरीके भी सुझाए। साथ ही हमारी विशेषताओं की सराहना भी की और कैसे कमजोरियों पर हतोत्साहित हुए बिना और अपनी विशेषताओं पर अतिउत्साहित हुए बिना साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं, यह बताया। बताते चलें कि चाणक्य आईएएस एकेडमी के रांची शाखा और हजारीबाग शाखा में जेपीएससी मेंस में सफल अभ्यर्थियों के लिए निरू शुल्क म०क इंटरव्यू की व्यवस्था की की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने पंजियन कराया है और इसे लेकर काफी उत्साहित भी हैं। चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने यह जानकारी दी कि रांची और हजारीबाग शाखा में म०क इंटरव्यू लगातार 16 मई तक चलाए जाएंगे। इसलिए ऐसे अभ्यर्थी जो अब तक पंजियन नहीं कराए हैं, वह निरू शुल्क पंजियन कराकर मॉक इंटरव्यू का लाभ ले सकते हैं इच्छुक विद्यार्थी रांची में 7303763217, हजारीबाग में 7303763225 व धनबाद में 7303763219 पर संपर्क कर निरू शुल्क म०क इंटरव्यू के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## धनवार पंचायत के मुखिया प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद ने प्रेम नगर में चलाया जनसंपर्क अभियान, ग्रामीणों का मिल रहा आपार समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धनवार पंचायत के पूर्व मुखिया सह वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद ने कोरियाडीह के प्रेमनगर में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि धनवार पंचायत वासियों का हमने पिछले कई सालों से सेवा किया है। यहां के मतदाताओं ने पूर्व में भी अपना आशीर्वाद देकर उन्हें मुखिया बनाया था, इस बार विकास के अधुरे कार्यो को पूर्ण करने हेतु पुनः चुनाव मैदान में उतरा हूं। मुझे विश्वास है कि इस बार भी यहां की जनता अपना आशीर्वाद देकर मुखिया पद के लिए चुनेगी। जनसंपर्क अभियान में दसिया देवी, गीता देवी, सरिता देवी, चिंता देवी, राधा देवी, रंजू देवी, दसरथ महतो, सीताराम प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, हरी प्रसाद, उमेश प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, रामजी प्रसाद, झरी महतो, मलो महतो, अजय प्रसाद, संजय कुमार, हीरालाल प्रसाद, दसरथ महतो, पूनम देवी आदि उपस्थित रहें।

## मुखिया प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद के समर्थन में लाठिया में बैठक, मुखिया प्रत्याशी ने रखी अपनी बात


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




धनवार पंचायत के मुखिया प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद के समर्थन में लाठिया में ग्रामीणों की बैठक हुई। इस बैठक में मुखिया प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद ने सभी को आश्वस्त किया कि आपलोगो के विश्वास पर खरा उतरूँगा। कहा एक आपलोगों ने अपना मत देकर मुझे पहले भी मुखिया बनाया था। उस कार्यकाल में मेरे कार्यशैली से आप बखूबी अवगत हैं। उस समय भी जनता की सेवा में हम समर्पित रहे हैं। आज पुनः आपकी सेवा के लिए आया हूँ। यदि पुनः आपका आशीर्वाद मिला तो निश्चित ही धनवार पंचायत की तस्वीर बदलेगी। पिछला पांच सालों में विकास ठप रही। लेकिन अब पुनः धनवार पंचायत आदर्श पंचायत बनेगा। मौके पर मौके पर दिनेश यादव, शिवाली यादव, संतोष यादव, लक्ष्मण यादव, विकास यादव, अजीत यादव, आशीष यादव, राजू यादव,उदय यादव, विनय यादव, अनिल पंडित, देवधारी पंडित, सुरेश पंडित, बिरजू राना, राजेश राना, योगेंद्र यादव, बिमल किशोर यादव, रामचंद्र यादव एवं महिलाओं में मुनिया देवी, गूंजा देवी, जगनी देवी, मालती देवी, खुशबू कुमारी, नीलम कुमारी, खुशबू कुमारी, रिंकू देवी, रेखा देवी चंद्रिका देवी, गुड़िया देवी, मंजू देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, बिशनी देवी, रेखा देवी, मीना देवी, लीलावती देवी, शांति देवी, मंगरी देवी, सीता देवी, पार्वती देवी, मुंदरी देवी, रुक्मणि देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थे।













सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर






# बरही पूर्वी क्षेत्र से जीप प्रत्याशी मुनेजा खातून ने अपने क्षेत्र के विभिन्न गावों का जन संपर्क अभियान, ग्रामीणों का मिला आपार समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पूर्वी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी मूनेजा खातून ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र के बैजलाडीह, गुड़ियों, विजैया, खुटवाटांड़, चौधरी टोला एवं यादव टोला में अपना जन संपर्क अभियान चलाया। जहां महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं बरही पूर्वी के जीप प्रत्याशी मुनेजा खातून ने एक बार फिर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की मैं पिछले दस वर्षो से बतौर जीप सदस्य रहकर बिना लोभ लालच के अपना क्षेत्र में सेवा प्रदान की हूं। और जिला परिषद फंड से बरही पूर्वी क्षेत्र में सैकड़ों विकास के कार्य किए गए। वहीं उन्होंने जन संपर्क अभियान में सभी महिलाओं एवं पुरुषो से अपील करते हुए कहा की एक बार फिर मुझे अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाए जिससे मैं अपने क्षेत्र का चहुमुखी विकास कर सकूं। मौके पर सुमा देवी, चमेली देवी अनिल कुमार, सुनील कुमार, गुलाम अजहर, खैरून खातून, मुंशी दास एवं कार्तिक कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।







# सीसीई के तहत बच्चों को दी गई पौधे से पता निकलने की जानकारी , प्रयोग कर दिखाया गया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



नवोदय पब्लिक स्कूल साधना पूरी में सीसीई के तहत बच्चो को पौधा का बीजारोपण से लेकर उसमे पत्ता निकलने की विधि की जानकारी देने के लिए प्रायोगिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे कक्षा तीन के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा एवं प्रायोगिक कार्यक्रम का नेतृत्व कौशल कुमार प्रभात एवं रितिक कुमार ने किया। बच्चो को पौधा लगाने से लेकर उसमें पता निकलने तक कि सारी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस कार्य में विज्ञान के शिक्षिकास मोनिका कुमारी का निर्देशन रहा साथ ही प्रधानाचार्य सुधीर चंद्रा, शिक्षक घनश्याम दास, नियाज उस्मानी, दीपा वर्णवाल ,सोनाली तिवारी, गुलबसा परवीन आदि ने भाग लिया।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर








| क्र. सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | मो0 बेलाल | |
| | | |
| | | |










| क्र. सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | दीपक कुमार गुप्ता | बल्लेबाज |
| 4 | | |
| 5 | | |

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जीप प्रत्याशी देवानंद कुमार ने शुरू की पैदल यात्रा कर चुनाव प्रचार

### ढोलक बजाकर मतदाताओ को अपने पक्ष में करने का प्रयास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पूर्वी जिला परिषद प्रत्याशी देवानंद कुमार अपना चुनाव प्रचार अनोखे तरीके से कर रहे हैं। जहाँ एक ओर भोपू का शोर मिलेगा। पूरा लव लश्कर के साथ प्रचार प्रसार करते देखे जा रहे हैं। वही देवानंद पैदल चलकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही अपनी भावी कार्य योजना से भी अवगत करा रहे है। अपने साथ वे ढोलक रखते हैं। जिस मतदाता के पास वे जाते हैं। पहले ढोलक बजाते हैं। ढोलज बजाकर उन्हें आमंत्रण देते हैं। फिर अपनी बात रखते हैं। अपने साथ अपना चुनाव चिन्ह टॉर्च भी रखते हैं। जनसमर्क के दौरान उन्होंने बताया कि हम धन बल के सहारे नही बल्कि जन बल के सहारे चुनाव लड़ने आए है । उन्होंने बताया कि वे सामाजिक जीवन मे ब्रह्मचर्य का पालन किया । शादी विवाह नही की। समाज के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जिला परिषद बनकर हम क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहते हैं। कहा क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। इसको दूर करना हमारी प्राथमिकता रहेगी इनका चुनाव प्रचार के अनोखे अंदाज को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान उनके बीरेंद्र कुमार, राकेश रजक, सुजीत प्रधान, विक्कू सहित कई लोग मौजूद थे।

## निर्बतमन मुखिया ने किया बरसोत में चुनाव कार्यालय का उदघाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते सीता देवी

बरसोत्त पंचायत के मुखिया प्रत्याशी विष्णुधारी महतो का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन निवर्तमान मुखिया सीता देवी ने पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर की। उसके बाद पूरे बरसोत में जनसम्पर्क चलाकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा।। मौके पर मुख्य अतिथि सीता देवी के साथ मुखिया प्रत्यासी विष्णुधारी महतो,लालधारी प्रसाद कुशवाहा,निवर्तमान पंसस बरसोत्त वन बिहारी कुमार,वार्ड सदस्य बिनोद महतो ,विजय कुशवाहा ,संजय कुशवाहा,यशवीर सिंह,आनंद केशरी,मनोज कुशवाहा,सुभाष राम,गुलाब चंद्र प्रसाद,शैलेष कुमार,मुकेश केशरी,बिनोद दस,जुगल प्रसाद,महेंद्र राम,अशोक माली,रामचन्द्र कुशवाहा, जानकी रजवार,अजीम खान,सलीम खान,रजक खान,रहेशा खातून,लक्ष्मी देवी,पार्वती देवी,मसो सोनिया देवी,नर्मदा देवी,दिनेश ठाकुर,दामोदर ठाकुर,पप्पू ठाकुर, सुनील कुशवाहा, आशुतोष कुशवाहा,प्रयाग साव,बुलाकी साव आदि मौजूद रहे।












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















## राजदेव यादव ने चलाया सघन जनसम्पर्क अभियान, जनता से माँगा जनसमर्थन

### आवेदन तक नही लिखने वाला उम्मीदवार अपने आप शिक्षित कह रहा है राजदेव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग दो का घमासान अब जोर पकड़ने लगा है। जुबानी जंग भी तेज हो गया है। उम्मीदवार राजदेव यादव ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जगदीशपुर व पाण्डेयबारा पंचायत में चलाया जनसम्पर्क अभियान। सैकड़ो कार्यकर्ताओ संग निकले राजदेव यादव का अभियान केशठ से शुरू होकर कमलवार, पाण्डेयबारा, चपरी, पिपरा, बेला, जगदीशपुर, केंदुआ, नावाडीह, नरैना पवई आदि गांवों में जनसम्पर्क चलाकर अपने पक्ष में माँगा जनसमर्थन। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए राजदेव यादव ने कहा कि जनता का आपार जनसमर्थन मिल रहा है। हमारी उम्मीदवारी से लोगों में उत्साह का माहौल है। करमा पंचायत से जनता द्वारा भगाए जाने के आरोप पर राजदेव यादव ने कहा कि हम दूसरे उम्मीदवार की तरह पंचायत छोड़ कर नही भागे है बल्कि महिला सीट आरक्षित होने के कारण हम चुनाव से वंचित हो गए। और हमने शिक्षक की नौकरी छुड़वाकर अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतारा है। एक और उम्मीदवार है जिनको आवेदन तक लिखने नही आता और प्रचार करते है शिक्षित उम्मीदवार। राजदेव यादव ने कहा आपके दुःख सुख में जो खड़ा रहे है, जो आपके हक व अधिकार की लड़ाई लड़े वैसे उम्मीदवार का चयन करें। जनसम्पर्क अभियान में पाण्डेयबारा पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, जगदीश यादव, प्रेम यादव, रामि. बलश पासवान, डॉ बीके यादव, अशोक यादव, चंद्रदेव यादव, अशोक रविदास, अशोक यादव, अभयकांत यादव, राम सिंह, रामसागर सिंह, कमल यादव, मनोज सिंह, रबिश सिंह, विवेक पांडेय, सनोज यादव सहित अन्य।

## दो मुखिया और 48 वार्ड सदस्य उम्मीदवार का नामांकन रद्द

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड में तीसरे चरण में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर गुरुवार को अंतिम दिन नामांकन पत्रों की जाँच बीडीओ और सीओ ने की जिसमें मुखिया पद के लिए दो प्रत्यासी का नामांकन रद्द कर दिया गया वाह वार्ड सदस्य के लिए 48 लोगों का नामांकन रद्द किया जाएगा पंचायत चुनाव में महासंग्राम से बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने अलग-अलग पदों पर नामांकन करवाया है स्कूटनी के बाद के लिए हो गया कि कौन उम्मीदवार चुनाव मैदान में है निर्वाचित पदाधिकारी अंचलाधिकारी अशोक राम ने बताया कि नामांकन पत्र में की समीक्षा का कार्य चल रहा है। स्कूटनी के आखिरी दिन नामांकन के साथ लगे। सभी काग. जातों को समुचित से जांच की ताकि इसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं मिले। बताया कि मुखिया पद के लिए 28 पंचायतों में 240 मुख्य प्रत्याशियों ने स्कूटनी किया गया। बलगो पंचायत के मुखिया प्रत्याशी पिंकी देवी का जाति प्रमाण पत्र नहीं जमा करने के कारण आवेदन या स्वीकृति किया गया। कपिलो पंचायत के अमित कुमार गुप्ता का नामांकन रद्द हुआ है। निर्वाचित पदा. धिकारी साहब प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया वार्ड सदस्य 10 पंचायतों के स्कूटनी का कार्य किया गया है। कुल 632 वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने किया गया है। जिसमें 48 वार्ड सदस्य का नामांकन अलग-अलग कारणों से शिव कार नहीं किया गया।






## उपायुक्त द्वारा ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर लिया गया वस्तुस्थिति का जायजा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



जिला निर्वाचन पदाधिक. ारी-सह-उपायुक्त द्वारा आज दिनांक 06.05.2022 को गिरिडीह प्रखंड कार्यालय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी लेते हुए सभी वेयर हाउस गेट पर लगाए गए सील की जांच की। उन्होंने कहा कि आवश्यक है कि सुरक्षा सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगशर, सीसीटीवी आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गयी एवं इस दौरान सील आदि की स्थिति का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने सं. बंधित पदाधिकारीयों को निदेशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, अग्निशामक गिरिडीह, सुरक्षा गार्ड, व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पाण्डु पंचायत से मुखिया पद के लिए रीना देवी ने नामांकन दाखिल किया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



केरेडारी। पंचायत चुनाव के मद्देनजर केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कई पंचायत के विभिन्न पद को लेकर नामांकन आरंभ है। वहीं केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पाण्डु पंचायत से रीना देवी पति संजय ओझा ने अपने सैकड़ों समर्थक के साथ प्रखंड कार्यालय में मुखिया पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात रीना देवी ने बताया कि कहा कि मैं पाण्डु पंचायत के समस्त जनता के आदेश पर अपना नामांकन पत्र मुखिया पद के लिए दाखिल किया हूँ। जनता के सहयोग एवं उनके आशीर्वाद से पाण्डु पंचायत का नया इतिहास लिखा जाएगा। इस अवसर पर समर्थकों ने मुखिया उम्मीदवार रीना देवी को माला पहनाकर स्वागत किया और उपप्रमुख रामस्वरूप ओझा ने कहा पाण्डु पंचायत की जनता से रीना देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया।

## सीकरी पंचायत से पति पत्नी ने मुखिया पद के लिए नामांकन किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



नामांकन दाखिल करने के मौके पर उपस्थित कृष्णा सिंह एवं पत्नी आशा सिंह

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सीकरी पंचायत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पति पत्नी दोनों ने मुखिया पद के लिए पर्चा दाखिल किया है। पत्नी आशा सिंह वर्तमान में मुखिया है । पर्चा दाखिल करने को लेकर पति कृष्णा सिंह ने कहा कि अगर एक व्यक्ति का नामांकन रद्द हो जाता है तो दूसरा सही होगा जिसे देखते हुए हम दोनों ने नामांकन किया है हम दोनों में किसी प्रकार कोई विरोधाभास नहीं है। बताते चलें कि इसके पूर्व बड़कागांव पश्चिमी पंचायत से भी मुखिया अनीता देवी पति जोगेश्वर प्रसाद दांगी दोनों ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश किया है।

## चोरदाहा के गलियों में निकली सिमी देवी, माँगा जनसमर्थन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




चोरदाहा पंचायत से मुखिया उम्मीदवार सिमी देवी पति अनिल मुंडा ने पंचायत के गली मुहल्ला में जनसम्पर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में माँगा जनसमर्थन। सिमी देवी ने कहा की वर्तमान मुखिया ललिता देवी कार्यो को गति देना है। कहा मुझे जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कहा चुनाव जीत कर पंचायत का सर्वागीण विकास करूँगी व सबको मान सम्मान दिलाऊंगी। युवा समाजसेवी कृष्णा पासवान व प्रमेश्वर यादव ने कहा कि सिमी देवी को चोरदाहा पंचायत की जनता का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। कहा विरोधी दूर दूर तक नजर नही आ रहे है और सिमी देवी प्रचण्ड बहुमत से जीतेगी। मालूम हो कि चोरदाहा पंचायत को इस बार अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित कर दिया है इसलिए वर्तमान मुखिया सिमी देवी के जनसमर्थन में उतरी है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# अनुसूचित जाति सीट पर नामांकन करने वाले भोक्ता प्रत्याशी नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

## फैली थी भ्रम की स्थिति उपायुक्त के बयान के बाद इस मामले का हुआ पटाक्षेप

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा रूअनुसूचित जाति सीट से नामांकन करने वाले भोक्ता प्रत्याशी अब नहीं लड़ सकेंगे चुनाव । उपायुक्त द्वारा जारी चिट्ठी के पश्चात सुबह से ही सोसल मीडिया में मैसेज के माध्यम से फैली थी भ्रम की स्थिति । इस संदर्भ में उपायुक्त अंजली यादव ने बताई कि पत्रांक 226 दिनांक 24/04/2022 का निर्गत पत्र को पत्रांक 341 दिनांक 05/05/2022 को विलोपित किया गया । उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा 8 अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया था । जिसमें कुछ जाति को SC से ST में शामिल किया गया है । इस नोटिफिकेशन में हमारे जिले के कुछ कास्ट भोक्ता , गंझु जैसे जाति के लोगों को शामिल किया गया है । 08 अप्रैल के नोटिफिकेशन में अनुसूचित जाति से अनुसूचित जन जाति में शामिल किया गया है । 9 अप्रैल को राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई । उन्होंने यह भी बताया कि 8 अप्रैल को ही एससी एसटी में कौन कौन शामिल किए गए है यह निर्धारण कर दिया गया है । कार्मिक का सर्कुलर यही कहता है कि एससी एसटी कास्ट का निर्धारण केंद्र सरकार करती है । राज्य सरकार एससी एसटी कास्ट निर्धारण नहीं करती है । एससी एसटी निर्धारण करने का केंद्र सरकार की सूची होती है । इसी लिए मैंने सभी विभागों से मार्गदर्शन मांगा था । जिसमें राज्य निर्वाचन आयोग , कार्मिक विभाग , पंचायती राज विभाग के अलावे लीगल ओपिनियन भी लिया गया है । उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पहली बात भोगता , गंझु एसटी में आ चुके है । 24 अप्रैल के चिट्ठी में साफ यह लिखा है कि अगर कोई एससी भोगता ,गंझु प्रत्यासी एसटी सीट से अपना नामंकन दाखिल कर है तो उनके पास एसटी का जाति प्रमाण पत्र नहीं होगा क्योंकि कार्मिक के द्वारा प्रक्रियाधीन है वैसे में किसी भी प्रत्यासी का नामांकन रद्द नहीं हो इसके लिए सभी आरओ को बोला गया कि नए नोटिफिकेशन के साथ पहले का एससी कास्ट सर्टिफिकेट प्रस्तुत किया जाता है तो उनका नामंकन स्वीकार कर लिया जाय एसटी मानते हुए । उसी मामले में राज्य निर्वाचन आयोग का कहना है कि प्रक्रियाधीन का लेटर सभी चौबीसों जिलों के लिए का. र्मिक विभाग स्वयं निकालेगा इसलिए अलग अलग जिलों में लेटर नही निकाले । जिसके फलस्वरूप इस पत्र को विलोपित किया गया है । उन्होंने यह भी बताया कि ऐसा नहीं है कि भोगता ,गंझु जाति एससी में फाइल कर सकता है या एसटी में फाइल कर सकता है ऐसी कोई दुविधा नहीं है । केन्द्र सरकार के द्वारा गजट नो. टिफिकेशन हो गया है और चतरा जिले में समय के रहते लागू भी कर दी गई है । सिर्फ जाति प्रमाण पत्र में यह बोला गया था कि एससी कास्ट को एसटी में स्वीकार कर लें । क्योंकि जाति प्रमाण पत्र उस समय नया नहीं बना था । इसलिए हमलोगों ने सोचा कि कोई भी प्रत्यासी एसटी सीट से वंचित नहीं रह सके इसलिए पत्रांक 226 निक. ाला गया था । जिसे 05/05/2022 को विलो. पित किया गया है । अब इस पत्र को कार्मिक विभाग खुद निकलेगा ऐसा राज्य निर्वाचन आयोग ने सूचित किया है । वही निवर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने चतरा उपायुक्त पर आरोप लगाते हुए कहा कि उपायुक्त और उनके विभाग के अधिकारियों के बयान में ही काफी मदभेद है । उपायुक्त अपनी मनमानी कर रही है जिसका खामियाजा भोगता समाज को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से वंचित रखा गया है । कुन्दा, लावालौंग प्रखण्ड क्षेत्र भोगता बहुल क्षेत्र होने के बावजूद हम सभी को चुनाव में भाग लेने से वंचित कर दिया गया है जिसका भोगता समाज घोर विरोध करते हुए वोट बहिष्कार का फैसला किया है ।




# पिपराडीह पंचायत के मुखिया प्रत्याशी कल्याणी देवी ने किया नामांकन

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह पंचायत के मुखिया पद की उम्मीदवार कल्याणी देवी ने अंचलाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके पूर्व अपने निवास स्थान ग्राम गैड़ा के देवी मंडप व बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना कर गाजे–बाजे व सैकड़ो समर्थकों के साथ विशाल जुलूस के शक्ल में प्रखंड मुख्याल पहुंची। इस दौरान समर्थकों ने कल्याणी देवी जिंदाबाद, पिपराडीह मुखिया कैसा हो–कल्याणी देवी जैसा हो के नारे लगा रहे थे। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद कल्याणी देवी ने कहा कि पिपराडीह पंचायत के सर्वांगीण विकास करना तथा पूर्व मुखिया व उनके भैसुर धीरज कुमार द्वारा पंचायत में किये जा रहे विकास कार्य को आगे बढ़ना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान उनके प्रस्तावक व पूर्व मुखिया धीरज कुमार ने कहा कि उनके कड़ी मेहनत का नतीजा है कि पिपराडीह पंचायत आदर्श पंचायत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि कल्याणी देवी के नेतृत्व में पि. पराडीह पँचायत का चहुंमुखी विकास होगा।




# पारसनाथ महतो ने कांडतरी पंचायत मुखिया पद के लिए पर्चा भरा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



सोनपुरा ग्राम निवासी पारसनाथ महतो ने कांड तरी पंचायत से मुखिया पद के लिए नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश किया ।मौके पर उन्होंने कहा कि अगर मैं मुखिया बना तो गांव गांव में विकास का चौपाल आयोजन किया जाएगा हर गांव का संपूर्ण विकास कराया जाएगा।

APEM LIVE




# श्री श्री 108 श्री रूद्र महायज्ञ के नगर भ्रमण में शामिल हुए , जिला परिषद के सदस्य

**अपेम लाइव बरही**
**सुमन मेहता**



पदमा प्रखंड के सूरजपुरा पंचायत के अंतर्गत ग्राम सूरजपुरा में श्री श्री 108 श्री रूद्र महायज्ञ का शुभा. रंभ 29.4.2022 को हुआ था। जो आज सातवां दिन नगर भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया था। आचार्य ओम प्रकाश पांडे ने बताया की 8.5.2022 यज का समापन होगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृ ष्णा मेहता ने बताया कि यज्ञ समापन के साथ साथ रात्रि में अनिल राज के द्वारा भक्ति जागरण का कार्यक्रम का आयोजन होगा। नगर भ्रमण में कई गांव के श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्रीराम के नारे से माहौल गूंज उठा, श्रद्धालु नाचते गाते हुए पुनः अपने गांव पहुंचे। इस कार्यक्रम में निम्न. लिखित लोग उपस्थित हुए। प्रत्याशी बसंत मेहता, गोविंद मेहता, पदमा प्रखंड के कांग्रेस के अध्यक्ष गौतम मेहता, बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष उदय मेहता, बजरंग दल के जिला संयोजक प्रमुख अयोध्या मेहता, बजरंग दल के पदमा प्रखंड के उप अध्यक्ष राजेश मेहता, समाजसेवी कमांडो मेहता, त्रिपुरा पंचायत के मुखिया उम्मीदवार मुकेश मेहता, एवं पूजा समिति के सदस्य शंभू मेहता, दीपक मेहता, कुलदीप रविदास, कृष्णा मेहता, मनोज गुप्ता, चंदन कुमार, राज. कुमार मेहता, देशबंधु, प्रकाश मेहता, इत्यादि कई महिला पुरुष ने कार्यक्रम में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाएं।